समाचार

स्वच्छ सर्वेक्षण 2020

शहर को उच्च रैंकिंग दिलाने ले सभी का सहयोग, पूरी इच्छाशक्ति के साथ करें कार्य–आयुक्त

(ट्वन्टी–ट्वन्टी के प्रथम लीग सर्वे परिणाम में कोरबा को मिला देश में 05 वॉ स्थान)

कोरबा 31 दिसम्बर 2019 –आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के तहत होने जा रहे शहरों के स्वच्छता सर्वेक्षण में अपने कोरबा शहर को देश एवं प्रदेश में उच्चतम रैंकिंग दिलाने के लिए सभी शहरवासियों का पूरा–पूरा सहयोग प्राप्त करें, साथ ही निगम में उपलब्ध सभी संसाधनों का पूर्ण उपयोग करते हुए शहर की स्वच्छता के लिए पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें। उन्होने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के प्रथम तिमाही लीग सर्वे में कोरबा को देश में 05वॉ स्थान प्राप्त हुआ है, जिसके लिए समस्त शहरवासी बधाई के पात्र हैं।

आज आयुक्त श्री राहुल देव ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों एवं अधिकारियों की बैठक लेकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के तहत निगम द्वारा की जा रही तैयारियों एवं स्वच्छता के विभिन्न बिन्दुओं पर किए जा रहे कार्यो की कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होने कहा कि निश्चित रूप से शहर की स्वच्छता पर संतोषजनक कार्य हो रहे हैं किन्तु हमें इन कार्यो में निरंतरता बनाए रखकर इन्हीं और अधिक बेहतर स्वरूप देना हैं, साफ–सफाई पर विशेष फोकस रखते हुए आमनागरिको को भी शहर की स्वच्छता से जोड़ना है। आयुक्त श्री देव ने आगे कहा कि लक्ष्य कितना ही कठिन क्यों न हो, यदि सभी का सहयोग मिलता है तो वह कठिन लक्ष्य भी अवश्य प्राप्त होता है, उन्होने कहा कि कोरबा शहर को देश व प्रदेश में उच्च रैंकिंग मिलेगी तो इससे हमारे शहर का सम्मान बढ़ेगा, अतः हमें इस दिशा में सभी को साथ लेकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने निगम की साफ–सफाई व्यवस्था के साथ–साथ सालिड वेस्ट मेनेजमेंट, गीले कचरे से खाद बनाने का कार्य, जी.पी.एस.वाहन उपलब्धता, डम्पिंग यार्ड का रीमिडेशन, सी.एण्ड डी.वेस्ट, ओ.डी.एफ. प्लस एवं प्लस–प्लस, सी.टी.पी.टी., आई.ई.सी. व्यवहार परिवर्तन, कैपसिटी बिल्डिंग, इनोवेशन एण्ड वेस्ट प्रेक्टिस, शहर सौदर्यीकरण, उद्यान, बाग आदि में कम्पोस्टपिट, होम कम्पोस्टिंग, जी.व्ही.पी.प्वाइंट का व्यवस्थापन, लीटरबिन्स स्थापना एवं मरम्मत, एम.आई.एस. से संबंधित एंट्री कार्य, एफ.एफ.टी.पी. प्लान संबंधी कार्य, आवासीय कालोनी एवं रहवासी संघ द्वारा अपशिष्ट समापन कार्य आदि सहित अन्य विभिन्न बिन्दुओं पर किए जा रहे कार्यो की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

प्रथम तिमाही के परिणाम में देश में 05वॉ स्थान– मुख्य सर्वेक्षण 2020 के पूर्व ट्वन्टी–ट्वन्टी लीग के प्रथम तिमाही परिणाम में अपने कोरबा शहर को 01 लाख से लेकर 10 लाख तक की जनसंख्या वाले देश के शहरों

के मध्य 05वॉ स्थान प्राप्त हुआ है। आयुक्त श्री राहुल देव ने इसके लिए निगम के अधिकारी कर्मचारियों के साथ–साथ समस्त शहरवासियों को बधाई दी है तथा अपील की है कि वे शहर की स्वच्छता में अपनी पूरी–पूरी सहभागिता दें ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में अपने कोरबा शहर को सर्वोच्च रैंकिंग के साथ देश व प्रदेश के स्वच्छता मानचित्र पर प्रतिष्ठापित किया जा सके।

कबाड़ हटाने हेतु समुचित कार्यवाही करें– बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने जोन कमिश्नरों से कहा कि निगम के सभी जोन के अंतर्गत जिन–जिन स्थानों पर पुराने वाहनों सहित अन्य कबाड़ डम्प किए गए हैं, उनकी सूची तैयार करें तथा टी.पी.नगर जोन कार्यालय में इस कार्य के नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराएं। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में मुनादी कराएं कि संबंधित कबाड़ मालिक जोन कार्यालय से इस संबंध में आवेदन प्राप्त कर लें तथा निर्धारित शपथ पत्र के साथ अपना आवेदन जमा कराएं, यह भी सूचित करें कि संबंधित कबाड़ मालिक कबाड़ हटा लें, अन्यथा उसे जप्त कर नियमानुसार नीलामी की कार्यवाही की जाएगी।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त अशोक शर्मा, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, जोन कमिश्नर व कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, आर.के.भोजासिया, एम.एन.सरकार, आर.के. चौबे, भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, सहायक अभियंता एन.के. नाथ, डी.सी.सोनकर, विनोद शांडिल्य, तपन तिवारी, योगेश राठौर, अखिलेश शुक्ला, लीलाधर पटेल, राजेश पाण्डेय, विपिन मिश्रा, विवेक रिछारिया सहित निगम के अन्य अभियंतागण व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।